# अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी संभावना तलाश रहा इन्वेस्ट यूपी

राब्यू, जागरण● लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी निवेश व उद्योग की संभावनाएं तलाश रहा है। अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ प्रदेश में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी संबंधी निवेश व उद्योग के नए पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की संभावनाओं पर विमर्श किया।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर का लाभ उठाकर स्पेस टेक्नोलाजी से जुड़ी कंपनियों व रक्षा निर्माण इकाइयों को आकर्षित कर सकता है। उन्होंने इसके लिए प्रस्तावित नीति को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने पर जोर दिया ताकि स्टार्टअप्स, शोध संस्थान व अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां भी शामिल हो सकें। प्रमुख सचिव, विज्ञान व प्रौद्योगिकी पंधारी यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश की समर्पित स्पेस टेक्नोलाजी नीति का मसौदा तैयार किए जाने पर खास जोर रहा जिससे अनुसंधान, नवाचार, औद्योगिक सहयोग व निवेश को बढ़ावा मिल सके।



इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में लोगों को संबोधित करते शुभांशु शुक्ला ●जागरण

बैठक में विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा लखनऊ में प्रस्तावित स्पेस एंड एस्ट्रोनामी पार्क 'आकाश भवन' के बारे में प्रस्तुतीकरण भी किया गया। यह केंद्र छात्रों, शोधकर्ताओं व विज्ञान प्रेमियों के लिए एक प्रेरणादायी स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने सुझाव दिया कि इस परियोजना को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए, जिससे यह उप्र की अनूठी पहचान बने। पार्क छात्रों के साथ वैज्ञानिकों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बने।